वर्षः 14 - अंक : 155, मुंबई, बुधवार, 14 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## समृद्धि महामार्ग पर एमएसआरडीसी बनाएगा 6 हेलीपैड

### दुर्घटना होने पर किया जाएगा एयरलिफ्ट



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हिंदू ह्रदय सम्राट बालसाहेब ठाकरे समृद्धि महामार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण उपायों पर काम किया गया है। हालांकि दिर्घटनाओं में कमी नहीं देखि गई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए अब महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमएसआरडीसी) ने दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तुरंत उपचार मिल सके और उन्हें समय पर उचित अस्पताल पहुंचाया जा सके, इसके लिए समृद्धि महामार्ग के किनारे छह हेलीपैड बनाने का फैसला लिया है। ताकि जरूरतमंदों को आसानी से एयरलिफ्ट कर कम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महामार्ग के किनारे ही ये हेलीपैड बनाए जाएंगे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## मुंबई के दादर, दहिसर समेत चार रेलवे स्टेशनों का बदलेगा रूप

# बेहतर होगा इंफ्रास्ट्रक्चर




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई डिवीजन के अंतर्गत आने वाला कांदिवली और दहिसर स्टेशनों समेत मध्य रेलवे के दादर और पनवेल स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। इस निर्णय की वजह से चारों स्टेशन का रूप अब बदल दिया जाएगा। इन स्टेशनों को भी योजना में शामिल अन्य स्टेशनों की तरह आधुनिक बनाया जाएगा। याद दिला दें कि यह योजना भारतीय रेलवे द्वारा देश भर में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण के लिए शुरू की गई है, जिसका लक्ष्य बेहतर सुविधाएं प्रदान करना, इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना और स्टेशनों को अधिक सुलभ और कुशल बनाकर यात्री अनुभव को बेहतर करना है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### बढ़ती भीड़ पर भी दिया जाता है ध्यान

इस योजना में कांदिवली, दहिसर, दादर और पनवेल स्टेशनों को शामिल करने का मतलब यह है कि मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र में स्थित इन स्टेशनों पर ये सुधार देखने को मिलेंगे, जो उनकी काया को बदल कर रख देगा। साथ ही एमएमआर की बढ़ती भीड़ के लिए भी काफी फायदेमंद होगा। क्योंकि अपग्रेडेशन कार्य में बढ़ती भीड़ को भी ध्यान में रखकर कार्य किया जाता है। कुल मिलाकर, यह विकास भारतीय रेलवे द्वारा पूरे नेटवर्क में प्रमुख स्टेशनों को अपग्रेड करने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व की महिलाओं को दिया प्रेरणादायक संदेश




**(समाचार पृष्ठ 3 पर)**

## वर्सोवा बीच पर सो रहे दो लोगों को एसयूवी कार ने कुचला

**मुंबई।** मुंबई में हिट एंड रन का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बताया जा रहा है कि यहां के वसोर्वा बीच पर सो रहे दो लोगों को एसयूवी कार ने कुचल दिया। इस हादसे में रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में भी पेश किया गया। जहां अदालत ने उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गणेश यादव और उसके साथी बबलू श्रीवास्तव सोमवार को वर्सोवा बीच पर सो रहे थे। इस दौरान बीच पर आई एक एसयूवी कार ने उन्हें कुचल दिया। घटना में गणेश यादव की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गणेश यादव रिक्शा चलाता है, जबकि बबलू डिलीवरी का काम करता है। बताया जा रहा है कि अक्सर गणेश और बबलू वर्सोवा बीच पर सोने जाते थे। इस दौरान सोमवार को वर्सोवा बीच पर सोने गए थे।तभी एसयूवी कार चालक ने उन्हें टक्कर मारी और मौक से फरार हो गया।



# म्हाडा फ्लैट के लिए आवेदन करने वाले रहे सावधान!

## फेक वेबसाइट से हो रहा फर्जीवाड़ा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) ने कुछ दिनों पहले मुंबई लॉटरी के 2030 घरों का ऐलान किया है, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ म्हाडा के नाम का इस्तेमाल करके और फेक वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, म्हाडा की आधिकारिक वेबसाइट https://mhada.gov.in के नाम के समान ही एक फेक वेबसाइट बनाई गई है, जो लोगों से पैसा ले रही है और लोगों को ठग रही है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**




### नहीं ली गई है तीसरे पक्ष की मदद

मुंबई बोर्ड द्वारा फ्लैटों की बिक्री या किसी काम के लिए किसी भी सोशल मीडिया, तीसरे पक्ष, संगठन या अन्य मध्यस्थों की मदद नहीं ली गई है। इसके अलावा किसी को भी प्रतिनिधि/सलाहकार/संपत्ति एजेंट/मध्यस्थ/दलाल के रूप में नियुक्त नहीं किया गया है। आवेदकों को किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के साथ पारस्परिक वित्तीय लेनदेन में शामिल नहीं होना चाहिए। म्हाडा ने लोगों से अनुरोध किया है कि यदि उन्हें कोई ऐसा व्यक्ति/दलाल प्रलोभन देकर ठगता है तो वे म्हाडा मुंबई मंडल के सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी और उप मुख्य अधिकारी (पणन) को सूचित करें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### आंकड़ों में मिली राहत

**निहितार्थ यह कि महंगाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकार और नीतिकार उसके आगे लाचार नजर आते हैं। संभवतः इसलिए कि उनके उपाय बेअसर हो चुके हैं और अपनी सीमाओं के कारण नए उपाय सोचने की स्थिति में वे नहीं हैं।**

जुलाई की मुद्रास्फीति दर के बारे में ताजा आंकड़े सुकून पहुंचाने वाले हैं। इनके मुताबिक बीते महीने महंगाई की दर पांच साल के सबसे निचले स्तर पर दर्ज हुई। यह महंगाई दर को चार प्रतिशत तक सीमित रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से भी नीचे रही- सिर्फ 3.5 फीसदी। जाहिर है, यही सूचना मीडिया हेडलाइन्स में आई है। मगर राहत सूर्खियों से नीचे जाते ही हवा की तरह उड़ जाती है। साफ हो जाता है कि ये सारा प्रभाव एक साल पहले के बेहद ऊंचे आधार के कारण पैदा हुआ है। जुलाई 2023 में महंगाई दर 7.1 फीसदी थी। तब खाद्य पदार्थों की कीमत में असामान्य वृद्धि हुई थी। इस बार सब्जियों, फल, मसालों और एक हद तक दूध की कीमत में पिछले जुलाई की तुलना में कम वृद्धि हुई। उसका असर हेडलाइन आंकड़ों में दिखा है। लेकिन बीते महीने दालों की कीमत 14.8 प्रतिशत, अनाज की 8.1 और मांस- मछली- अंडा के दाम 6 फीसदी बढ़े। उधर मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति पर ध्यान दें, तो इसमें जून की तुलना में बढ़ोतरी हुई। जून में यह मुद्रास्फीति 3.1 फीसदी थी, जबकि लाई में 3.4 फीसदी रही। जून में कुल मुद्रास्फीति दर 5.1 प्रतिशत दर्ज हुई थी। खुद रिजर्व बैंक का अनुमान है कि सकारात्मक बेस इफेक्ट सितंबर आते-आते खत्म हो जाएगा। उसके बाद महंगाई दर फिर से उसकी लक्ष्य सीमा से ऊपर चली जाएगी। अपने इसी आकलन के कारण रिजर्व बैंक ने कुछ रोज पहले ब्याज दरों को जस का तस बनाए रखने का एलान किया था। वैसे भी यह स्पष्ट कर लेना चाहिए कि महंगाई दर 3.5 फीसदी रहने का भी मतलब यह है कि जून की तुलना में कीमतें औसतन साढ़े तीन प्रतिशत बढ़ीं। जब लोग पहले से ही महंगाई की चुभन से परेशान हैं, तो महीने भर में इतनी कीमतें बढ़ जाना कोई राहत की बात नहीं हो सकती। निहितार्थ यह कि महंगाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकार और नीतिकार उसके आगे लाचार नजर आते हैं। संभवतः इसलिए कि उनके उपाय बेअसर हो चुके हैं और अपनी सीमाओं के कारण नए उपाय सोचने की स्थिति में वे नहीं हैं।

# तिरंगे की शान के लिए विचार गोष्ठी तिरंगा यात्रा व सम्मान समारोह का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ग्राम** पंचायत भदाना जिला सोनीपत हरियाणा की ओर से सरपंच श्रीमती मुकेश देवी की अध्यक्षता में तिरंगे की शान के लिए विचार गोष्ठी तिरंगा यात्रा व सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव भदाना में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वैचारिक क्रांति के राष्ट्रीय कवि लेखक ऋषि पाल भदाना के साथ सरपंच श्रीमती मुकेश देवी स्कूल प्रिंसिपल। श्रीमती सीमा सिंगल प्राइमरी स्कूल मुख्याध्यापिका मीना देवी श्री हंसराज दहिया श्री जगदीश शास्त्री ककरोही फौजी हरकिशन सिंह फौजी महेंद्र रामकिशन व गांव के सैकड़ो लोगों ने महापुरुषों व शहीदों को याद करते हुए दीपक जलाकर व पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्रीय के प्रति सच्चे प्रेम को नमन किया इस अवसर पर बच्चों द्वारा देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत दी गई व गांव के फौजी भाई आंगनवाड़ी आशा वर्कर चौकीदार अध्यापक गण बच्चों सहित




उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए मुख्य अतिथि द्वारा 53 को सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर ऋषि पाल भदाना ने कहा तिरंगा अपने प्यारे भारत देश की आन बान शान है जिसका गहना चरित्र रहा है पवित्रता इसकी शक्ति रही है और त्याग बलिदान उन्नति शांति उत्साह राष्ट्रीय एकता अखंडता का प्रतीक रहा है जो हर सम्मान का हकदार है प्रतीक है। इसीलिए राष्ट्र की उन्नति एवं खुशहाली के लिए इसका सम्मान करना जरूरी है और इसी सम्मान को बचाने के लिए हमारे देश के शहीदों एवं महापुरुषों ने कुर्बानियां दी थी और इसी सम्मान को बचाने के लिए हमारे देशवासियों को जिस क्षेत्र में वह काम कर रहे हैं अपने कर्तव्य का पालन सत्य ईमानदारी से करते हुए रक्षा करनी होगी ऋषि पाल भदाना अपनी स्व रचित सामाजिक व देशभक्ति कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति से रूबरू करवाया और अपने देशवासियों के लिए एक जन संदेश दिया यहां रहते हैं अलग-अलग भाषाई लोग फिर भी हम एक दूसरे के दोस्त अनेकता में एकता करके भाईचारे का संदेश पहुंचाना है देश के लिए देश के मर जाएंगे मिट जाएंगे हो जाएंगे हम कुर्बान देश के लिए। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की तरफ से सरपंच श्रीमती मुकेश देवी ने मुख्य अतिथि ऋषि पाल भदाना को स्मृति स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद किया मंच संचालन जगदीश शास्त्री ने किया सम्मानित सदस्यों मे प्रिंसिपल श्रीमती सीमा सिंगल श्री महेंद्र सिंह पीटीआई अध्यापक हरकिशन फौजी रामकिशन फौजी महेंद्र सिंह फौजी गिरवर फौजी हवा सिंह फौजी चौकीदार राजन बच्चों में खुशी भूमिका दीपांशी रिया शाहीन आशा वर्कर में रितु शर्मा पूनम मीणा सूरज कौर पिंकी सरोज आंगनवाड़ी में मंजू शर्मा विमला वसुंधरा सहित 53 को सम्मानित किया गया इस अवसर पर अध्यापिका श्रीमती सुमन श्रीमती सविता अध्यापक अश्वनी कुमार नरेंद्र कुमार मीना रानी सहित स्कूल सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अप्सरा आइसक्रीम्स अपनी 53वीं सालगिरह पर मुस्कान लॉन्च की घोषणा

**मुंबई।** लोगों के चेहरों पर खुशी और मुस्कुराहट लाने की एक कोशिश में अप्सरा आइसक्रीम्स ने आज एक अनोखी पहल मुस्कान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ब्रैंड की 53वीं सालगिरह पर शुरू की जा रही है। अप्सरा आइसक्रीम्स एक स्थापित और भरोसेमंद ब्रैंड है, जो बाजार में पाँच दशकों से अधिक समय से उपस्थित है। यह ब्रैंड अपनी शुरूआत से ही ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता की आइसक्रीम्स दे रहा है। अपनी 53वीं वर्षगांठ के तहत, अप्सरा आइसक्रीम्स भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिये एक अनूठी पहल शुरू करेगा। यह भारत के सभी लोगों के लिये बड़े गर्व का विषय है। यह पहल 15 अगस्त को मुंबई और पुणे में लॉन्च होगी और इसे चरणबद्ध तरीके से दूसरे शहरों में भी शुरू किया जाएगा। मुस्कान पहल के तहत कंपनी 53,000 आइसक्रीम्स वितरित करना चाहती है, जिसका वॉल्यूम लगभग चार टन होगा। यह पहल भारत के 9 राज्यों में 25 शहरों तक पहुँचेगी। आइसक्रीम्स का वितरण विभिन्न एनजीओ, अनाथालयों, ओल्ड एज होम्स और सरकारी तथा गैर-सरकारी सेक्टरों के फाउंडेशंस को होगा। इस पहल का मकसद वहाँ के लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाते हुए उन्हें खुशी का एक स्कूप देना है। इस पहल से उनकी जिन्दगी में मिठास भी घुलेगी, क्योंकि यह भारत के स्वतंत्रता दिवस का शुभ अवसर होगा। एनजीओ और अग्रणी सामाजिक संगठन, जैसे कि लायंस




क्लब, लियो, लायन इंटरनेशनल लैण्ड, स्वदेस फाउंडेशन, लियो इंटरनेशनल, लियो क्लब ऑफ अंधेरी अचीवर्स, रोटारैक्ट डिस्ट्रिक्ट और श्री नित्यानंद एजुकेशन ट्रस्ट जैसे गैर सरकारी संगठन और प्रमुख सामाजिक संगठन भी इस पहल का हिस्सा होंगे। इस अवसर पर बात करते हुए, अप्सरा आइसक्रीम्स के संस्थापक भागीदार श्री नेमचंद शाह ने कहा, मुस्कान का मुख्य मकसद समाज के विभिन्न वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाना और हमारी 53वीं सालगिरह भी मनाना है। यह लॉन्च 78वें स्वाधीनता दिवस पर 15 अगस्त को होगा और हम सभी के लिये यह बड़े गर्व की बात है। उन लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने के लिये हम सचमुच उत्साहित हैं और उनका दिन यादगार बना देंगे। हमें समाज को उसके उपकारों के बदले कुछ लौटाने और उनके जीवन को खुशियों से भरने पर बड़ा यकीन है। अपने विचार रखते हुए, अप्सरा आइसक्रीम्स के प्रबंध भागीदार श्री. केयूर शाह ने कहा, पूरा जोर समाज के विभिन्न स्तरों तक पहुँचने पर दिया जा रहा है। यह बड़े गर्व का विषय है कि हम अपनी वर्षगांठ 78वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मना रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य जरूरतमंद लोगों को खुशियाँ और मुस्कुराहट देना और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये अप्सरा की प्रतिबद्धता दिखाना है। मुस्कान पहल के माध्यम से अप्सरा आइसक्रीम्स कई लोगों की सेहत और खुशी में योगदान देकर अपनी वर्षगांठ को यादगार बना रहा है। उन्होंने आगे कहा, हमें आशा है कि यह पहल भारत के 25 शहरों तक पहुँचेगी। इस अवसर पर हम अपने सभी ग्राहकों, भागीदारों, कर्मचारियों और महत्वपूर्ण साझीदारों को बीते वर्षों में उनसे लगातार मिले सहयोग के लिये धन्यवाद देना चाहते हैं। हम अपने फ्रैचाइज भागीदारों और संस्थाओं को भी धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने इस पहल को इतना सफल बनाने के लिये आगे बढ़कर हमारी मदद की है। मुझे विश्वास है कि उनकी कोशिश से हमारी पहल यकीनन बेहतर हो जाएगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व की महिलाओं को दिया प्रेरणादायक संदेश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते सप्ताह अपने तिमोर लेस्ते के आधिकारिक दौरे के दौरान डिलि में राष्ट्रपति रामोस होर्ता की मेजबानी में आयोजित 'द होर्ता शो' में भागीदारी की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व की महिलाओं को एक प्रेरणादायक और विशेष संदेश दिया। एक दिलचस्प और अनूठी बातचीत में, हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई पहल और महिला सशक्तिकरण के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में स्पष्ट रूप से बात की। उन्होंने कहा, परिवार हो, समाज हो, देश हो या पूरा विश्व हो... हमें आगे बढ़ने के लिए,




विकास करने के लिए महिलाओं को भी आगे बढ़ना जरूरी है। समाज आज आधुनिक हो गया है। एक दिन था, जब महिलाएं घर के अंदर ही रहती थीं। मगर आज सभी को समझ आ गया है कि सभी को आगे बढ़ना है। परिवार को आगे बढ़ाना है, समाज को आगे बढ़ाना है, देश को आगे बढ़ाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि अब समय बदल चुका है और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पदों पर हैं। उन्होंने देश-दुनिया की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, भारत में तो महिलाओं को मातृशक्ति कहते हैं। उनके अंदर बहुत शक्ति है। उसके अंदर संघर्ष करने की शक्ति है, बहुत सारी परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति है। हमें परिस्थितियों का सामना करना है और आगे बढ़ना है। क्योंकि पॉलिटिक्स में हो, या बिजनेस में हो या एजुकेशन हो, कोई भी क्षेत्र आसान नहीं है। हमें इसी चीज के साथ हमें जूझना है, संघर्ष करना है और कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना है और परिवार तथा समाज के साथ ही देश को आगे बढ़ाना है। इसलिए हमें संघर्ष करना चाहिए, हमें प्रयास करना चाहिए, आगे बढ़ना चाहिए।

# परमार्थ सेवा समिति का रुद्राभिषेक आयोजन संपन्न



**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई।** परमार्थ सेवा समिति की मालाड क्षेत्रीय समिति के तत्वावधान में मालाड पूर्व अप्पर गोविंद नगर स्थित कलसरिया अपार्टमेंट प्रांगण में रविवार को पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजन पूजन किया गया। राजाराम हुरकट (माहेश्वरी) के संयोजन व पं.भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में विद्वान ब्राह्मणों के सान्निध्य में संपन्न हुए इस धार्मिक आयोजन में संजय माहेश्वरी व उनकी पत्नी अनीता पूजन संकल्प सहित शिवार्चन किया। सुबह 8 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चले इस अनुष्ठान में रामविलास हुरकट, गोपाल बियानी, संतोष सोमानी, रवि लालपुरिया, विजय खेतान, सचिन रूंगटा, राजेश माहेश्वरी, मधुसुदन माहेश्वरी, अशोक सारडा, डॉ बीएम्खंडेलवाल, भाजपा नेता आरयू सिंह, डॉ. दीनदयाल मुरारका, पत्रकार विजय यादव सहित लगभग 150 महिला-पुरुषों ने रुद्राभिषेक किया। समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष पवन पुरोहित ने सभी का स्वागत किया व सचिव पवन लाठ ने आभार प्रदर्शन किया।

# श्री शैलेंद्र भारती बने मिशन पत्रकारिता के आर्ट एंड कल्चर विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई।** श्री शैलेंद्र भारती को मिशन पत्रकारिता के आर्ट एंड कल्चर विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति के आदेश मिशन पत्रकारिता के अध्यक्ष श्री शैलेश जायसवाल द्वारा जारी किए गए। नियुक्ति पत्र माननीय सांसद श्री रविंद्र वायकर के हाथों श्री शैलेंद्र को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि रामानंद सागर की सुप्रसिद्ध टीवी धारावाहिक रामायण के गीतों को अपने सुरों से सजानेवाले आनंद कुमार सी के पुत्र श्री शैलेंद्र भारती ने अपने व्यापक अनुभव और समर्पण के साथ आर्ट और कल्चर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने भी कई बार मंच पर अपने भाषण में उल्लेख किया है कि वे हररोज अपने दिन की



शुरूवात श्री शैलेंद्र भारती के भजन सुनकर ही करते हैं। उनके नेतृत्व में, मिशन पत्रकारिता का यह विंग नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद रखता है, और देशभर में कला और संस्कृति के प्रसार और संरक्षण के लिए नवाचारपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। नियुक्ति के दौरान, श्री शैलेश जायसवाल ने श्री शैलेंद्र के कार्यक्षमता और उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा, श्री शैलेंद्र भारती के पास इस क्षेत्र का गहरा ज्ञान और अनुभव है। हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मिशन पत्रकारिता के आर्ट एंड कल्चर विंग का कामकाज और भी प्रभावी और विस्तृत होगा। इस मौके पर श्री रविंद्र वायकर ने भी श्री शैलेंद्र भारती को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान न केवल श्री शैलेंद्र का नहीं, बल्कि आर्ट और कल्चर के सभी प्रेमियों का है। मुझे विश्वास है कि उनकी अध्यक्षता में मिशन पत्रकारिता का यह विंग नई ऊंचाइयों को छुएगा। श्री शैलेंद्र ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया और कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा और आर्ट और कल्चर के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में कार्य करूंगा। मिशन पत्रकारिता का आर्ट एंड कल्चर विंग कला और संस्कृति के क्षेत्र में सृजनशीलता, नवाचार, और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए समर्पित है। श्री शैलेंद्र भारती की नियुक्ति से इस विंग के कार्यों में नए उत्साह और दिशा की उम्मीद है। इस मौके पर समाजसेविका सुंदरी ठाकूर, गायक अनिल म्हसकर, पत्रकार दिपक कुमार बसवाला, अक्षय सोनकांबले, बे-वॉच लाईफ गार्ड के बंटी राव समेत कई मान्यवर उपस्थित थे।

# बंगलादेश मे हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

**कानपुर।** पडोसी देश बंगलादेश मे विगत कई दिनो से हिन्दुओं के खिलाफ जारी हिंसा के विरोध मे मंगलवार को शहर में कई हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किये। चावला मार्केट चौराहा पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं हिन्दू जागरण समिति के बैनर तले उक्त संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन गोबिन्द नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा को सौपा एवं इसमें प्रधानमंत्री जी से



उचित कार्यवाही करने की मांग की। चावला मार्केट चौराहे पर धरना प्रदर्शन के दौरान हिन्दुओं का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान, देश की जनता करे पुकार-बंद करो हिन्दुओं पर अत्याचार, जागो हिन्दू जागो ते हिन्दू जागो' के गगन भेदी नारे लगाकर माहौल गरम कर दिया। ज्ञापन व सभा मे मांग की गई कि सीमा पर जो हिन्दू आने के लिए प्रतीक्षारत है उन्हें तत्काल भारत में शरण दी जाए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**मुंबई के दादर, दहिसर समेत चार रेलवे स्टेशनों का बदलेगा रूप**

ध्यान देने वाली बात यही है कि जब किसी स्टेशन को इस योजना में शामिल किया जाता है, तो इसका मतलब यह है कि स्टेशन महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन से गुजरता है। अपग्रेडेशन के तहत प्लेटफार्मों का सुधार किया जाता है, जिसमे प्रतीक्षालय, शौचालय और साइनेज जैसी बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान की जाती है। इसके अलावा दिव्यांग यात्रियों के लिए उन्नत पहुंच सुविधाएं, स्टेशनों पर बेहतर प्रवेश और निकास सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करना शामिल होता है। भारतीय रेलवे के 1,275 स्टेशनों और राज्य के 128 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। 26 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 554 स्टेशनों के कायाकल्प के लिए आधारशिला रखी थी। इसके बाद मध्य और पश्चिम रेलवे के स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय टर्मिनल में बदला जा रहा है।

**समृद्धि महामार्ग पर एमएसआरडीसी बनाएगा 6 हेलीपैड**

इन हेलीपैड की लंबाई 30 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर होगी, यानी यह हेलिपैड लगभग 900 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैले होंगे। इन हेलीपैड्स पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि सभी प्रकार के हेलीकॉप्टर उतर सके। याद दिला दें कि एमएसआरडीसी द्वारा बनाए जा रहे मुंबई-नागपुर के बीच 701 किलोमीटर लंबा समृद्धि महामार्ग का काम अपने आखरी चरण पर है। 600 किमी का मार्ग, जनता के लिए खोला जा चुका है, जिसपर गाड़ियां 100-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। लेकिन तेज गति के कारण बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी के पृष्ठभूमि में भीषण दुर्घटनाओं में घायल लोगों को एयरलिफ्ट कर कम समय में अस्पताल पहुंचाने के लिए वर्धा, बुलढाणा, जालना, शिरडी, नांदगांव (इगतपुरी), आमने (भिवंडी) इन छह जगहों पर हेलीपैड बनाए जाएंगे। इसी का हिस्सा मानते हुए इगतपुरी के नांदगांव में अस्थाई हेलीपैड तैयार किया जा रहा है और अन्य सुविधाएं भी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएंगी।

**म्हाडा फ्लैट के लिए आवेदन करने वाले रहे सावधान!**

म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने इस विषय को लेकर लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा है। क्योंकि म्हाडा का फ्लैट किसी अन्य तरीके से वितरित नहीं किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि फर्जी वेबसाइट का होम पेज, पता और फ्रंट पेज वेबसाइट का डिजाइन म्हाडा की आधिकारिक वेबसाइट के समान है। यह फर्जी वेबसाइट आवेदन प्रक्रिया से गुजरे बिना सीधे भुगतान का विकल्प प्रदान करती है। म्हाडा का घर दिलाने का वादा करते हुए, उक्त अज्ञात व्यक्तियों ने ठगे गए व्यक्ति को फर्जी वेबसाइट और उस पर उपलब्ध भुगतान लिंक के बारे में बताया और रुपए का भुगतान करवाया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर | 5

# राहुल को ईडी पूछताछ को बुलाए उससे पहले कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## 22 को ईडी मुख्यालयों पर जुटेंगे कांग्रेसी, अडाणी मामले में उठाएंगे सवाल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

डेक्कन हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राहुल गांधी को पूछताछ के लिए बुलाए उससे पहले कांग्रेस पार्टी ने ईडी के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। बहाना होगा अडाणी समूह और शेयर बाजार नियामक संस्था सेबी के साथ सांठगांठ के बारे में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा किए गए हालिया खुलासे की जांच जेपीसी से कराए जाने के संबंध में, मगर निशाने पर होगी ईडी। पूछा जाएगा कि इस विषय पर पूछताछ के लिए संबंधित कंपनी के कर्ताधर्ता को कब बुलाया जा रहा है? कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पीसीसी अध्यक्षों, एआईसीसी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक एकसुर में ये निर्णय किया गया।



### वायनाड में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

उच्चस्तरीय बैठक में वायनाड में हुई विनाशकारी भूस्खलन त्रासदी पर भी गहरा दुख व्यक्त और संवेदना व्यक्त किया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड में आई बडी विपदा में भारी जानमाल की हुई हानि की वजह से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की।

### जाति जनगणना जल्द कराए केंद्र

*पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना कराने की अपनी मांग दोहराई। रमेश ने कहा कि जनगणना केवल केंद्र सरकार ही कर सकती है, जबकि राज्य सरकारें केवल सर्वेक्षण कर सकती हैं। पार्टी के महासचिव, संगठन और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना के पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जातीय जनगणना के आधार पर ही पिछड रहे जाति विशेष की पहचान हो सकेगी जिससे पिछड़ रहे जाति वर्ग के लोगों के प्रति आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित हो सकेगा।*

### आरक्षण लाभ से क्रीमीलेयर से बाहर न किया जाए

अनसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण लाभों और एससी एवं एसटी के उप-वर्गीकरण से क्रीमी लेयर को बाहर करने पर एक सवाल का जवाब देते हुए रमेश ने स्पष्ट रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण लाभ से क्रीमी लेयर को बाहर करने के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पहले ही पार्टी की ओर से इस विषय पर कांग्रेस की राय को स्पष्ट कर चुके हैं। एससी और एसटी के बीच उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने एक समिति का गठन किया है जो राज्य इकाइयों से बात करेगी और जो भी फीडबैक आएगा, उसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### संगठन में बदलाव पर भी की चर्चा

*छत्तीसगढ़ समेत आधा दर्जन राज्यों में नए सिरे से प्रदेश संगठन को फिर से आकार देना है या उसी संगठन और नेतृत्व से काम चलाना है, इसका निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया।*

## गला घोंटकर पत्नी और तीन बच्चों की हत्या, पति को सजा-ए-मौत

मुंबई हलचल / बिलासपुर

चरित्रशंका पर रस्सी से गला घोंटकर पत्नी व तीन बच्चों की निर्मम हत्या करने वाले पति को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम हिर्री निवासी उमेंद्र केंवट पिता परदेशी केंवट की शादी सुक्रिता केंवट से 2017 में हुई थी। उनकी दो बेटी खुशी 5 साल, लिसा 3 साल व एक बेटा पवन केंवट 18 महीने के थे। तीन बच्चे होने के बाद भी उमेंद्र केवट पत्नी पर चरित्रशंका कर मारपीट करता था। 1 जनवरी की रात उसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। इस पर उमेंद्र ने रस्सी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। सो रहे तीनों बच्चों की एक एक कर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। दशम अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश के. त्रिपाठी ने उमेंद्र केंवट को धारा 302 चार बार के अपराध के लिए मृत्युदंड की सजा व 10 हजार रुपए अर्थदंड पटाने की सजा सुनाई है।

## मनी लांड्रिंग में 'सुप्रीम' फैसला सुरक्षित ईडी के समन को दोनों ने दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित भर्ती अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन को चुनौती देने वाली टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी और उनकी पत्नी रूजिरा बेनर्जी की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बंगाल के स्कूलों में करोड़ों रुपए के भर्ती घोटाले में पैसे के लेन-देन की जांच के संबंध में अभिषेक कई बार ईडी के सामने पेश भी नहीं हुए हैं। ईडी ने अभिषेक की पत्नी रुजिरा से भी कई बार पूछताछ की है। एडवोकेट जोहेब हुसैन ईडी की ओर से पेश हुए, जबकि वरिष्ठ एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अभिषेक का प्रतिनिधित्व किया। हुसैन ने कहा कि जांच, समन विशेष कानून की तरफ से शासित होने चाहिए। दूसरा, तर्क यह दिया गया है कि धारा 50 शक्ति दे सकती है, लेकिन प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दल्लूपुरा में गिरी इमारत, मासूम की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली से फिर बिल्डिंग गिरने की घटना सामने आई है। दिल्ली के दल्लूपुरा में एक



इमारत भरभराकर गिर गई, इसके नीचे 3 लोग दब गए। अजय किराए से रहते हैं। मलबे में दबे सभी 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने 2 साल के मासूम को मृत घोषित कर दिया। मां कविता और बड़ा बेटा प्रिंस जो कि 6 साल का है, गंभीर हैं।

### हरियाणा में चुनाव जल्द ईसी ने जायजा लिया

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द हो सकता है। हरियाणा विधासभा




का कार्यकाल 3 नवंबर को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग को तीन नवंबर से पहले नई सरकार का गठन करना है। ऐसे में चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। कयास हैं कि अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह चुनाव हो सकते हैं। 2.01 करोड़ मतदाता मत का प्रयोग करेंगे।

### बेकाबू कार नहर में समाई, 5 लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** यहां के दाउदनगर में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार सोन नहर में जा गिरी। हादसे के



समय तेज आवाज को सुनकर लोग पहुंचे, लेकिन पता नहीं चला कि कार किधर चली गई। जब तक कार को पानी से निकाला जाता, कार सवार 5 लोगों की डूबने से मौत हो चुकी थी। 4 युवकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के करीब बताई गई है।

### पिथौरागढ़-अल्मोड़ा बनेंगे नगर निगमः धामी

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। वहीं, कई योजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक में पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। पहाड़ों में पर्यटन उद्योग लगाने पर सब्सिडी देने की नीति में संशोधन किया गया है।

## भाजपा ने देशभर में शुरू किया 'हर घर तिरंगा अभियान', गृहमंत्री शाह बोले

# आयोजन देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करने का अहम माध्यम

### *अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह ने कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी, हर घर, दुकान पर लगाएं*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 'हर घर तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद में भाजपा की 'हर घर तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ध्वज के प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और एकता को बढ़ावा देना है और यह अहमदाबाद के विराटनगर क्षेत्र में शाम 4.30 बजे शुरू हुआ।

ये अभियान देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल का हिस्सा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। इस दौरान केंद्र सरकार ने नागरिकों से हर घर, दुकान और दफ्तर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।



**मोदी ने की थी फहराने की अपील**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की थी। 28 जुलाई को 112वीं 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों से स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया था।

### केंद्रीय कानून मंत्री ने तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ फहराया तिरंगा



हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बाफना स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल रहे। मेघवाल ने शाला परिसर में ध्वजारोहण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की और राष्ट्र ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला। मेघवाल ने 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ तिरंगा लहरा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल किया।

### धनखड़ ने दिल्ली में किया आयोजन

### विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को बढ़ाएं



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है। उन्होंने भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही। दिल्ली में मंगलवार से हर घर तिरंगा अभियान का आगाज हो गया। धनखड़ ने' बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू किंजारापु, किरेन रिजिजू और मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे।

### देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लें

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं देश को सावधान करना चाहता हूं, मैं नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसी ताकतों, देश विरोधी ताकतों, खतरनाक मकसद वालों से बेहद सतर्क रहें। उनका एकमात्र उद्देश्य भारत को अस्थिर करना है, ताकि हमारी प्रगति बाधित हो। हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि आज प्रत्येक भारतीय देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लेंगे।


### देश के विकास को पचा नहीं पा रहे 'कुछ लोग'

धनखड़ ने कहा कि हमारे देश का विकास बेहद तेज गति से हो रहा है। कुछ लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं, वे अवरोध उत्पन्न करना और अस्थिरता लाना चाहते हैं। वे सोचते हैं कि अगर भारत इसी तरह आगे बढ़ता रहा तो निश्चित रूप से विश्व गुरु बन जाएगा। जो लोग अवरोध पैदा करते हैं, कहीं से कुछ भी बात उठ जाए उसको प्रामाणिक मानते हैं। उपराष्ट्रपति ने अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग के आरोपों की विपक्ष द्वारा जेपीसी जांच की मांग पर निशाना साधते हुए ये बातें कही।

## महाराष्ट्र पर भड़के जस्टिस गवई

# चीफ सेक्रेटरी सीएम से करें बात बंद करा दूंगा लाड़ली योजनाएं

### उचित मुआवजा नहीं देने पर लगाई फटकार



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को एक मामले में उचित मुआवजा राशि नहीं देने पर कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर निर्धारित समय पर राज्य सरकार ने जवाब नहीं दिया तो राज्य सरकार की योजनाओं को बंद करवा दिया जाएगा। दरअसल, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में महाराष्ट्र में सरकार द्वारा एक व्यक्ति की जमीन अवैध रूप से कब्जाने और उसका उचित मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई की।

इस मामले में राज्य सरकार ने करीब छह दशक पहले एक व्यक्ति की संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और इसके बदले में उसे वन भूमि आवंटित कर दी थी। पीड़ित व्यक्ति ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और उचित मुआवजे की मांग की थी।

### अधिग्रहित भूमि पर ढांचों को गिरवा देंगे

वरिष्ठ वकील ध्रुव मेहता इस मामले की पैरवी कर रहे थे। इस पर कोर्ट ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर राज्य सरकार जमीन खोने वाले व्यक्ति को उचित मुआवजा नहीं देती है, तो वह लाड़ली बहना जैसी योजनाओं को रोकने का आदेश देगी और अवैध रूप से अधिग्रहित भूमि पर बने ढांचों को गिराने का भी आदेश देगी। महाराष्ट्र सरकार का पक्ष रख रहे वकील से जस्टिस गवई ने कहा जमीन का मुआवजा कितना होना चाहिए? एक उचित राशि तय कर अदालत को बताएं।

### मुआवजे पर उचित आंकड़ा पेश करें

जस्टिस गवई ने राज्य के वकील से सख्त अंदाज में कहा कि मुआवजा पर एक उचित आंकड़ा लेकर आइए। आप अपने मुख्य सचिव से कहिए कि वे सीएम से बात करें। वरना, हम राज्य सरकार की सभी योजनाओं को रोक देंगे। जस्टिस गवई ने कहा कि हम अवैध कब्जे वाली जमीन पर बनाई गई संरचना को ध्वस्त करने का निर्देश देंगे, भले ही वह राष्ट्रीय हित में हो या सार्वजनिक हित में हो।

## जेएनयू और लोक प्रशासन संस्थान के साथ पीएचडी के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

### *केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने ग्राम रोजगार सेवक (जीआरएस) के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी शुरू किया*

# गांव में कोई भी गरीब न हो सबको मिले काम-रोजगार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गांव में कोई भी गरीब नहीं होना चाहिए और सभी को रोजगार मिलना चाहिए। महात्मा गांधी का सपना था ग्राम स्वराज, जब हम ग्रामीण विकास की बात करते हैं, तो बुनियादी ढांचे का विकास सबसे आगे आता है।




चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास का मतलब है गांव में अच्छे स्कूल, अच्छे पंचायत भवन, अच्छे सामुदायिक भवन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं। इसलिए बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है। गांवों को उचित सड़क संपर्क, पीने योग्य पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि की आवश्यकता है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री मंगलवार को तेलंगाना के राजेंद्र नगर में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान की आम परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जेएनयू, नई दिल्ली और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली के साथ पीएचडी कार्यक्रम के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने ग्राम रोजगार सेवक (जीआरएस) के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी शुरू किया।

### आजीविका योजना का जिक्र करते हुए चौहान

*आजीविका योजना का जिक्र करते हुए चौहान कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आजीविका मिशन के माध्यम से बहनों के सशक्तिकरण के लिए अद्भुत काम किया है। देशभर में 10 करोड़ बहनें आजीविका मिशन से जुड़ी हैं। बहनों ने न सिर्फ अपना जीवन बदला है बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को बदलने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह सिर्फ भारत भर में महिलाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के कारण ही संभव हो पाया है, वे नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रही हैं। थिंक टैंक के रूप में भूमिका निभा रहीं।*

## अमृत उद्यान में 'खुशबू'



नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में फूल खिले।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## खासदार श्रीकांत एकनाथ शिंदे जी से भेट की गई वर्षा बंगला पर

**मुंबई हलचल/संवाददाता/मुंबई।** 12 अगस्त 2024 सोमवार खासदार श्रीकांत एकनाथ शिंदे जी से भेट की गई वर्षा बंगला मलाबार हिल मुंबई शॉल देकर सत्कार किया और तमिलनाडु मे लगातर गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम आयोजन के 25 वा वर्ष मनाए जाने पर निमंत्रण भी दिया गया यह निमंत्रण दिया गया मणि भारती तमिलनाडु राज्य प्रमुख शिवसेना व सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) द्वारा मुंबई।

# बुझ गया खानकाह ए नियाजिया का अजीम चिराग

### शब्बू मियां नियाजी का इंतेकाल, तौकीर मिया बोले समाज का हुआ बड़ा नुकसान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** दुनियां भर में सूफिज्म का संदेश देने वाली बरेली की मकबूल खानकाहे नियाजिया के प्रबंधक मोहम्मद सिबतेन मियां नियाजी उर्फ शब्बू मियां नें मंगलवार को दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके विसाल की खबर फैलते ही अकीदतमंदों में गम की लहर दौड़ गई है। इंतेकाल की खबर सुनते बड़ी संख्या में खानकाह ए नियाजिया में लोगो की आमद होने लगी। आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खान भी खानकाह ए नियजीया पहूँचे। उन्होंने खानकाह के सज्जादा मेहंदी मियां नियाजी से मुलाकात कर गमओ रंज का इजहार किया। तौकीर रजा ने कहा कि शब्बू



मियां के इंतेकाल से समाज का बहूत बड़ा नुकसान हो गया है। हमे उनसे बहूत सहारा मिलता था। शब्बू मियां नियाजी ने मंगलवार शाम 7:45 पर दुनिया को अलविदा कहा। शब्बू मियां खानकाह के नियजीया के 1980 से प्रबंधक बने थे। 1958 में जन्मे मोहम्मद सिबतेन मिया नियाजी उर्फ शब्बू मिया अपने अखलाक और बहुत मिलनसार व्यक्तिव को लेकर मकबूल थे। लेकिन कुछ सालों से किडनी की बीमारी से ग्रस्त थे। उनके निजी सचिव कासिम मिया नियाजी ने बताया की मंगलवार शाम अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। अस्पताल जाने से पहले ही उनका घर मे ही निधन हो गया।

### ट्राई का स्पैम कॉल के लिए कंपनियों को दिशा निर्देश

# अनचाही कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत इकाइयों का कनेक्शन काटने का निर्देश

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने के साथ उन्हें दो साल तक के लिए काली सूची में डाल दिया जाए। इसके साथ ही भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का तत्काल पालन करने और इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है।

- पालन न करने पर दो साल के लिए काली सूची में डाला जाएगा

### ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस 'निर्णायक कार्रवाई' से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

**खास बातें**

- नियम का तत्काल पालन करने और कार्रवाई के लिए कहा गया
- कंपनियों को पाक्षिक आधार पर नियमित ब्यौरा देने होगा



### कनेक्शन काट दिया जाएगा

ट्राई ने बयान में कहा, "स्पैम कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार साधनों का कनेक्शन काट देने और दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन, 2018 के तहत ऐसी कॉल करने वालों को काली सूची में डालने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिए गए हैं।"

### रिकॉर्ड व कंप्यूटर जनित कॉल पर भी आपत्ति

*इस दिशा में ट्राई ने थोक कनेक्शन और दूसरे दूरसंचार साधनों का इस्तेमाल करने वाले सभी गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर (यूटीएम) से प्रचार के लिए की जाने वाली कॉल पर रोक लगाना सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य कर दिया है, चाहे ये संदेश पहले से रिकॉर्ड हों या कंप्यूटर-जनित हों। दूरसंचार नियामक ने कहा, "दूरसंचार साधनों (एसआईपी/ पीआरआई/ अन्य दूरसंचार संसाधनों) का उपयोग करने वाले गैर-पंजीकृत प्रेषकों/ गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से की जाने वाली सभी प्रचारात्मक कॉल तुरंत रोक दी जाएंगी।"*

### प्रचारात्मक कॉल पर सजा

*अगर कोई गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर इस निर्देश का उल्लंघन कर प्रचारात्मक कॉल करने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन प्राथमिक दूरसंचार सेवा प्रदाता दो साल तक के लिए काट देंगे। इसके अलावा ऐसी गैर-पंजीकृत इकाइयों को दो साल के लिए काली सूची में भी डाल दिया जाएगा।*

### अनुपालन रिपोर्ट सात दिन में देना होगा

इस दौरान किसी भी दूरसंचार कंपनी की तरफ से उन्हें नए दूरसंचार संसाधन आवंटित नहीं किए जाएंगे। नियामक ने कहा कि यह निर्देश जारी होने के एक महीने के भीतर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को डीएलटी मंच पर स्थानांतरित किया जाएगा और उसके बाद सात दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देनी होगी।

### माह के एक व 16 तारीख को देना होगा अपडेट

ट्राई ने सभी दूरसंचार कंपनियों को अपने नवीनतम निर्देश का अनुपालन करने और हर महीने की पहली और 16 तारीख को इस संबंध में की गई कार्रवाई पर नियमित अपडेट देने का भी निर्देश दिया है। नियामक ने स्पैम कॉल पर लगाम लगाने की मंशा से पिछले हफ्ते सभी दूरसंचार कंपनियों के नियामकीय प्रमुखों के साथ बैठक की थी।

### बैठक में ये कंपनियां शामिल

इस बैठक में एयरटेल, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड, क्वॉड्रेंट टेलीवेंचर्स लिमिटेड (क्यूटीएल) और वी-कॉन मोबाइल एंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने शिरकत की थी।

# विटामिन डी पूरा करने के लिए खाएं ये आहार

*शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए विटामिन,मिनरल्स और पोषक तत्वों का होना बहुत जरूरी है। हर विटामिन का बॉडी के लिए खास महत्व है। आज हम विटामिन डी के बारे में बात कर रहे हैं। यह विटामिन शरीर के लिए बहुत जरूरी है। कैल्शियम के साथ अगर विटामिन डी की कमी हो जाए तो बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।*

## विटामिन डी की कमी से होने वाली परेशानिया

1. हड्डीयां और मांसपेशियां कमजोर
2. हाई ब्लड प्रेशर
3. तनाव और उदासी
4. आलस और थकावट

## इस तरह करें कमी को पूरा

**1. धूप लेना जरूरी:** विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए धूप में बैठना बहुत जरूरी है। सुबह के समय धूप लेने से शरीर में विटामिन डी की कमी नहीं होती और इससे स्किन एलर्जी से भी बचा जा सकता है।

**2. सॉल्मन और टुना फिश** नॉन वेज खाने के शौकिन हैं तो सॉल्मन और टुना फिश में विटामिन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। कॉड लिवर में भी विटामिन डी भरपूर मात्रा होता है।




**3. अंडा:** मछली के अलावा अंड़े के सेवन से भी विटामिन डी की कमी दूर होती है।

**4. डेयरी प्रॉडक्ट:** दूध,मक्खन और पनीर अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। इससे शरीर की बहुत सी परेशानियां दूर हो जाती है।

**5. गाजर:**गाजर का जूस पीने से विटामिन की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है। रोजाना 2 गिलास गाजर की जूस जरूर पिएं।

# भारत में 20 करोड़ लोग हाई ब्लडप्रेशर की चपेट में



अनियमित जीवनशैली और लोगों का खानपान इस आधुनिक जमाने में उनको तरह -तरह की बीमारियों के चपेट में ले रहा है। बावजूद इसके लोग इस गंभीर बीमारी को संजीदगी से नहीं ले रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रही उच्च रक्तचाप के मरीजों की संख्या पर गौर करें तो इसे हम जान पाएंगे कि कैसे इस बीमारी से साल दर साल देश में हाई ब्लडप्रेशर के रोगियों की तदाद बढ़ती जा रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के करीब 20 करोड़ वयस्क उच्च रक्तचाप (हाई ब्लडप्रेशर) से पीड़ित हैं। एक अध्ययन से इस बात का खुलासा हुआ कि पूरी दुनिया में इस बीमारी से शिकार लोगों की संख्या में और इजाफा हुआ है। वर्तमान में विश्व में एक अरब,13 करोड़ लोग इस रोग से जूझ रहे हैं। गौरतलब हो कि इस अध्ययन में करीब दो करोड़ लोगों के रक्तचाप के आंकड़ों को शामिल कर हाई ब्लडप्रेशर से ग्रसित लोगों की जानकारी लगाई। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के वैज्ञानिकों की एक टीम ने अपने अध्ययन में कहा कि हाई ब्लडप्रेशर से जुड़े मरीजों की तादाद दुनिया भर में इन बीते 40 सालों में लगभग दोगुनी हो चुकी है। साथ ही इस रोग से पीड़ित आधे से ज्यादा लोग एशिया प्रांत से हैं। द लैंसेट जर्नल में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, ये संख्या चौकाने वाला है कि साल 2015 में पाया गया कि अधिकांश देशों में महिलाओं की तुलना में पुरुष इस उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। शोधकताओं ने इस अध्ययन के दौरान साल 1975 से 2015 के बीच हाई ब्लडप्रेशर में आए अंतर भी ध्यान दिया।

## ऐसे करें बचाव

*इस बीमारी से बचाव ही इसका कारगर इलाज साबित हो सकता है। अगर आपको इस तरह की बीमारी हो तो आप इससे घबराएं या डरने की बजाए अपने खानपान को ठीक करने पर ध्यान दें। क्योंकि संतुलित और खानपान में शामिल परहेज से आप इस बीमारी की चपेट में आने से बच सकते हैं। अगर आपको हाई ब्लडप्रेशर है तो आप खाने में प्याज जरूर शामिल करें साथ ही हींग भी आपके खाने में होनी चाहिए। ज्यादा नमक का सेवन ना करें क्योंकि इससे हाईबीपी की समस्या और अधिक बढ़ने का खतरा रहता है। प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी 6 और बी 12 को अपने भोजन में शामिल करें जो कि दही में पर्याप्त होता है। अपने भोजन में आलू शामिल करें क्योंकि इससे ब्लड प्रेशर कम होता है। अखरोट और हरा धनिया भी इस रोग में फायदेमंद साबित होते हैं। ये ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार होने के साथ - साथ इस समस्या को ठीक करने में भी सहायक होते हैं। आप जितना हो सके कैफीन युक्त पेय पदार्थ कम से कम लें।*

# सर्दी में गुड़ के फायदे



सर्दी के दिनों में गुड़ आपके लिए हर तरह से फायदेमंद होता है। यह स्वास्थ्य और पाचन के लिए लाभदायक साबित होता है। आइए जाने इसके सेहत संबंधी फायदों के बारे में...

### 1. सर्दी, खांसी और जुकाम से राहत

सर्दियों के दिनों में गुड का सेवन करने से गर्माहट मिलती है और यह सर्दी, खांसी और जुकाम से भी बचाता है। गुड की चाय पीने से फायदा मिलता है।

### 2. एलर्जी से बचाए

इन दिनों में गले और फेफड़ों में संक्रमण बहुत जल्दी फैलता है इसलिए इससे बचने के लिए गुड़ का सेवन काफी मददगार साबित हो सकता है।

### 3. पाचन क्रिया दुरुस्त

खाना खाने के बाद गुड़ का सेवन करने से पाचन दुरूस्त रहता है। खाना खाने के बाद थोड़ा गुड़ खाने से खाना आसानी से पच जाता है।

### 4. थकान दूर करें

गुड़ का सेवन करने से मांसपेशियों, नसों और रक्त वाहिकाओं को थकान से राहत मिलती है।

यह खून की कमी को भी दूर करने में भी काफी मददगार साबित होता है। इसके सेवन ब्लड प्रैशर भी कंट्रोल हो जाता है।



# सिरदर्द दूर करने के लिए पीएं सिर्फ ये जूस!

भागदौड़ भरी जिदंगी में आज ज्यादातर लोग सिरदर्द की परेशानी से ग्रस्त रहते है। अचानक से सिर में दर्द होना किसी बड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाएं तो कई तरह का नुकसान हो सकता है। इसलिए सिरदर्द होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। आप अपने घर में भी कुछ तरीके अपनाकर सिरदर्द से राहत पाने की कोशिश कर सकते है। आज हम आपको सिरदर्द से राहत पाने के लिए होममेड जूस बनाने के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप आसानी से राहत पा सकते है।

### जूस बनाने की सामग्री

- 1/2 कप नींबू का रस
- 1 चम्मच शहद
- 2 बूंद लेवेंडर ऑयल

### बनाने की विधि

इन सभी चीजों को 1 कप में मिक्स कर लें। बस आपका जूस तैयार हैं। इसको पीने से काफी आराम मिलता है। इस जूस में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सिर दर्द को कंट्रोल करता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# सोनाक्षी-जहीर ने साझा किया शादी का सबसे खास पल

**सोनाक्षी सिन्हा** और जहीर इकबाल ने इस साल की शुरुआत में अपने घर पर एक निजी समारोह में शादी की थी। अब इस जोड़े ने अपनी शादी के सबसे जादुई हिस्से को याद किया, जब पुजारी पवित्र मंत्र पढ़ रहे थे और बैकग्राउंड में अजान भी चल रही थी। ऐसे में कपल की शादी में यह सबसे खास पल था, जब वे दोनों जन्मों-जन्म के लिए एक दूसरे का हाथ थाम रहे थे तो दोनों धर्म का उन्हें आशीर्वाद मिला। हाल ही में सोनाक्षी और जहीर ने बताया कि कन्यादान समारोह में कुछ मिनट की देरी हुई थी, लेकिन जब यह शुरू हुआ तो उन्हें यकीन था कि यह एक दिव्य चमत्कार था। जहीर ने उस खास पल को याद करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल है और यह बहुत खूबसूरत था। कन्यादान में 15 मिनट की देरी हुई थी और जब हम आखिरकार बैठे तो मैंने सोनाक्षी का हाथ पकड़ लिया और हम प्रार्थना कर रहे थे। अभिनेता ने आगे बताया कि सबसे पहले सोनाक्षी ने अजान सुनी और फिर दोनों मुस्कुराए। उन्हें लगा कि भगवान उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। जहीर ने कहा कि अचानक सोना ने कहा कि क्या तुम सुन सकते हो?



मैंने पूछा, 'क्या?' सोनक्षित ने जवाब दिया कि अजान चल रही है और यह बहुत ही खूबसूरत पल था। पंडित प्रार्थना कर रहे थे, मंत्र पढ़ रहे थे और जब हम शादी कर रहे थे, तब बैकग्राउंड में अजान चल रही थी। ऐसा लगा जैसे दैवीय हस्तक्षेप यानी दैवीय चमत्कार हो।'

# करण की एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ!

**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा, फिल्मकार करण जौहर की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा अंतिम बार इस साल प्रदर्शित फिल्म 'योद्धा' में नजर आये थे। चर्चा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा अगली बार फिल्म 'मिट्टी' में नजर आएंगे, जिसकी उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। वहीं, इस बीच अब उनकी नई फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्मकार करण जौहर की आगामी एक्शन फिल्म में अभिनय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अगले साल फिल्म शुरू होने की भी चर्चा है। करण जौहर को लगता है कि सिद्धार्थ एक्शन फिल्में करने के लिए ही बने हैं। करण जौहर ने सिद्धार्थ को फिल्म की कहानी सुनाई है और सिद्धार्थ ने भी कहानी को लेकर अपनी रुचि दिखाई और उत्साह भी जताया हैं। करण जौहर इस एक्शन फिल्म का निर्देशन खुद करेंगे।



# ... इन बातों से परेशान हुईं कृति सेनन

एक्ट्रेस कृति सेनन के लिए साल 2024 अब तक शानदार रहा है। उनकी 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'क्रू' हिट रही। जहां एक तरफ उनका करियर ऊपर जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस अब अपने बारे में छपने वाले गॉसिप और झूठी खबरों से परेशान नजर आ रही हैं। कृति का कहना है कि ऐसी अफवाहें सिर्फ मेरे लिए ही नहीं मेरे परिवार के लिए भी सही नहीं हैं। पिछले कुछ वक्त से कृति सेनन का नाम बिज़नेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। हाल ही में अपना बर्थडे मनाने के लिए कृति सेनन ग्रीस गईं थीं। उस दौरान भी ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि कृति अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ हैं। हालांकि कृति सेनन ने कबीर से रिश्ते को कभी कंफर्म नहीं किया है। पर अब उन्होंने अपने बारे में लिखी जाने वाली गॉसिप को परेशान करने वाला बताया है। कृति सेनन से उनके तरीके के बारे में सवाल किया गया था। इस पर उन्होंने कहा, "जब मेरे बारे में गलत और निगेटिव जानकारी छापी जाती है, तो ये सिर्फ मेरे लिए परेशान करने वाली नहीं होती, बल्कि इसका असर मेरे परिवार पर भी पड़ता है।" कृति ने कहा कि ये तब और दुख देने वाली बात होती है जब ऐसी अफवाहें उड़ने लगती हैं, जैसे कि मैं शादी करने जा रही हूं। मेरे दोस्त मुझसे पूछने लगते हैं कि क्या ये सच है। फिर मुझे सफाई देनी पड़ती है कि नहीं, ये झूठ है। इस दौरान कृति सेनन ने कहा कि मुझे इस बात से बहुत निराशा होती है कि लोग बिना जांचे-परखे सोशल मीडिया पर कहानियां फैलाने लगते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि सोशल मीडिया पर निगेटिविटी और ज्यादा तेज़ी से फैलती है। उन्होंने कहा हर बार इन झूठ को सही करना बेहद परेशान करने वाला हो जाता है।